# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : बी0एड0 परीक्षा/3562
दिनांक : 22.12.2020

**अधिसूचना**

वैश्विक महामारी कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुये उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश के अनुपालन में विश्वविद्यालय की बी0एड0 (द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम सत्र 2018–20 के केवल अन्तिम वर्ष की मुख्य परीक्षा सम्पन्न करायी जा चुकी है, तथा परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरान्त वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित स्नातक स्तर पर बी0एड0 (द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम सत्र 2018–20 के केवल द्वितीय वर्ष के समस्त छात्र/छात्राओं की बैक पेपर परीक्षा–2020 आयोजित करायी जानी प्रस्तावित है।

उपरोक्त सन्दर्भित पाठ्यक्रम के समस्त छात्र/छात्राओं के बैक पेपर परीक्षा फार्म माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.ccsuniversity.ac.in** एवं **www.ccsuweb.in** पर विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी द्वारा निम्नांकित तिथि के अनुसार ऑन लाईन भरवाये जाने है।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन लाईन भरने एवं ऑन लाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की प्रारम्भिक तिथि | 22.12.2020 |
| 02 | छात्र/छात्राओं द्वारा ऑन लाईन परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि | 28.12.2020 |
| 03 | परिपूर्ण परीक्षा फार्म सम्बन्धित महाविद्यालयों में जमा करने की अन्तिम तिथि | 29.12.2020 |
| 04 | प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक द्वारा अग्रसारित परीक्षा फार्म नोमिनल रोल के साथ विश्वविद्यालय के बी0एड0 परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि | 31.12.2020 |

नोटः– 1. **विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की बैठक दिनॉक 01.12.2020 में लिये गये संकल्पानुसार केवल अन्तिम वर्ष के जिन अभ्यर्थियों ने मुख्य परीक्षा–2020 हेतु परीक्षा फार्म भरे है, किन्तु कोविड–19 के कारण परीक्षा देने से वंचित रह गये ऐसे सन्दर्भित छात्र/छात्राओं को वंचित विषय/प्रश्नपत्र में सम्मिलित होते हुये पाठ्यक्रम पूर्ण किये जाने का अन्तिम अवसर प्रदान किया गया है।**

**ऐसे सन्दर्भित छात्र/छात्राओं को परीक्षा फार्म भरे जाने की आवश्यकता नही है। ऐसे छात्र/छात्रायें विश्वविद्यालय वेबसाइट से नवीन प्रवेश पत्र पुनः डाउनलोड करने के उपरान्त ही बैक पेपर परीक्षा––2020 में सम्मिलित हो सकेंगे।**

2. केवल अन्तिम वर्ष की बी0एड0 (द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम मुख्य परीक्षा–2020 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी ही बैक पेपर परीक्षा 2020 में औपबन्धिक रूप से सम्मिलित हो सकेंगे। अन्य सत्र के अभ्यर्थी सन्दर्भित परीक्षा हेतु अर्ह नहीं है अन्यथा की स्थिति में परीक्षार्थी/महाविद्यालय/संस्थान स्वंय उत्तरदायी होंगे।

3. सन्दर्भित अर्ह अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की अधिकृत वेवसाइट **www.ccsuniversity.ac.in** एवं **www.ccsuweb.in** पर उपलब्ध समस्त नियमों का भली–भॉति अध्ययन करने के उपरान्त ही बैक पेपर परीक्षा– 2020 में बी0एड0 द्वितीय वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी परीक्षा 2020 हेतु परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें।

4.परीक्षा में अंक सुधार की दृष्टि से अथवा बैक पेपर परीक्षा– 2020 में सम्मिलित होने हेतु किसी भी अर्ह अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त बैक पेपर परीक्षा– 2020 में सम्मिलित होने हेतु केवल एक ही अवसर देय होगा।

5. **काई भी अभ्यर्थी री–बैक परीक्षा हेतु अर्ह नही होगा।**

22/12/2020
परीक्षा नियंत्रक
22.12.20 22/12/2020

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय / संस्थान,चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा फॉर्म अग्रसारित करने से पूर्व छात्र / छात्रा की अर्हता का अच्छी तरह परीक्षण कर लिया जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिये अभ्यर्थी आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नही।
2. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. वयैक्तिक सहायक, प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. संकायाध्यक्ष शिक्षा, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
5. वयैक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक के सूचनार्थ।
6. वयैक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव के सूचनार्थ।
7. वित्त अधिकारी / सहा0 कुलसचिव (लेखा) के सूचनार्थ।
8. सहा0 कुलसचिव (परीक्षा) के सूचनार्थ।
9. प्रभारी अतिगोपनीय / सामान्य भण्डार के सूचनार्थ।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आश्य के साथ प्रेषित कि वे छात्र हित में समस्त समाचार पत्रों में निशुल्क प्रकाशित कराने की व्यवस्था करें।
11. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत कम्पनी को इस आश्य के साथ प्रेषित कि परीक्षाफार्म भली भॉति जॉच कर भरवायें जाने हेतु।
12. प्रभारी वेबसाइट, वेबसाइट पर प्रकाशित करने हेतु।

22/12/2020
परीक्षा नियंत्रक
22.12.20 22/12/2020